हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 20 मई 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 सुशासन तिहार शिविर में 17 पंचायतों के ग्रामीण पहुंचे 1386 ...



11 भाजपा के दो दिनी जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ...





## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट मामला दर्ज

बालोद। पति का नाम लेकर गाली दे रहे व्यक्ति को मना करने पर व्यक्ति ने महिला की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बरबसपुर थाना रनचिरई निवासी यशोदा साहू पति टीकाराम साहू 41 ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर से पानी भरने के लिए साहू सदन के सामने स्थित नल में गई थी, पानी भर रही थी उसी समय गांव का विक्की देवदास पिता रामरतन देवदास 28 साल मेरे पति टीकाराम साहू जो रोजगार सहायक है का नाम लेकर रोजगार गारंटी का पैसा नहीं दे रहा है कहकर गालियां दे रहा था। तब मैं उसे गाली देने से मना की, तब वह मुझे भी गालीयां देते हुए अपने हाथ में पकडे डंडा से सिर एवं हाथ में मारकर चोट पहुंचाया है, जिससे मेरे सिर में बांया तरफ तथा दाहिना हाथ के कलाई में व मुंह में चोट आया है दर्द हो रहा है।

### महिला ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

**बालोद**। ग्राम कंवर में घर में महिला ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद शव का पीएम कर परिजनो को सौपा गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कंवर निवासी संतोशी साहू घर में अकेली थी तथा उनके पति काम से धमतरी गए हुए था तथा दो बच्चे गर्मी छुट्टी के कारण नाना के घर गए हुए थे। इसी दौरान घर में अकेली महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। शेष पेज 11 पर

# सेवा सेतु बना ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम, अब 441 शासकीय सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

## ऑनलाइन आवेदन से समय पर मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में शासकीय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन–केंद्रित बनाने की दिशा में 'सेवा सेतु' एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। जिले में वर्तमान में 250 से अधिक सेवा सेतु केन्द्रों का संचालन तहसील स्तर, नगरीय निकाय एवं ग्रामीण स्तर पर किया जा रहा है।

अब आय, जाति, निवास प्रमाण–पत्र, विवाह पंजीयन, राशन कार्ड, भू–नकल सहित 441 से अधिक शासकीय सेवाएं, एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गुरेदा में आयोजित शिविर में सेवा सेतु की सेवाओं का लाभ राकेश कुमार को मिला है। उन्हें शिविर में विवाह प्रमाण पत्र ग्रामीण के तहत डिजीटल विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। राकेश कुमार ने बताया कि पहले ग्रामीण स्तर पर विवाह प्रमाण पत्र बनाने के लिए काफी समस्याएं होती थी, लेकिन अब सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से उन्हें अपने विवाह का प्रमाण पत्र आसानी से उपलब्ध हो गया है। पहले अलग–अलग विभागों की सेवाओं के लिए नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। प्रमाण–पत्र बनवाने जैसी मूलभूत सेवाओं में समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बड़ी खपत होती थी। सेवा सेतु ने इस पारंपरिक व्यवस्था को बदलते हुए नागरिकों को 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' उपलब्ध कराया है। अब लोग ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर निर्धारित समय–सीमा में सेवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



### अब 441 सेवाएं जोड़ी जा चुकी

पहले ई–डि्रिरक्ट माध्यम से केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं। समय की आवश्यकता को देखते हुए इसका उन्नत संस्करण सेवा सेतु विकसित किया गया, जिसमें अब 441 सेवाएं जोड़ी जा चुकी हैं। इनमें 54 नई सेवाएं शामिल हैं, जबकि विभिन्न विभागों की 329 री–डायरेक्ट सेवाओं का भी सफल एकीकरण किया गया है। वर्तमान में '30 से अधिक विभाग' इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए हैं, जिससे नागरिकों को अलग–अलग पोर्टल या कार्यालयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित और पारदशऍ बनी हैं।

## बैठक

### पश्चिम एशियाई संकट के बीच ईंधन भंडारण की समीक्षा


# मितव्ययिता और वित्तीय अनुशासन पर कलेक्टर सख्त सुशासन तिहार के आवेदनों के जल्द निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में शासकीय व्यय में मितव्ययिता एवं वित्तीय अनुशासन का क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में एसडीएम, सीईओ, सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों ने वर्चुअली रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

- एक माह में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर

कलेक्टर मिश्रा ने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत अपने–अपने विभागों को प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह की अवधि में अनिवार्य रूप से गुणवत्तापूर्ण ढंग से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने पश्चिम एशियाई संकट के मद्देनजर बालोद जिले में पेट्रोल, डीजल आदि ईंधन पदार्थों के भण्डारण एवं आम नागरिकों को इसकी आपूर्ति की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी से जिले के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल, डीजल आदि ईंधन पदार्थों के भण्डारण के संबंध में जानकारी ली।





उन्होंने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को पूरे समय स्थिति पर नजर रखते हुए इसकी निरंतर मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों को प्राप्त कुल 68 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है, कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 30 दिनों में निराकरण सुनिश्चित कर आवेदक को अनिवार्य रूप से इसकी जानकारी भी देने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने सुशासन तिहार के पोर्टल के माध्यम से विभागों द्वारा निराकृत किए गए आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# जिंदा को मरा बता रहा है आधार का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

अपने आपको जीवित साबित करने की मजबूरी झेल रहे ग्राम पंचायत कुसुमकसा के गुंडराटोला निवासी वृद्ध जगन्नाथ सिवना ने ग्राम भैसबोड़ में आयोजित सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर अपनी पीड़ा सुनाई। हालांकि शिविर स्थल पर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जगन्नाथ ने बताया कि वे पांच माह पहले आधार कार्ड अपडेट कराने दल्लीराजहरा के चॉइस सेंटर पहुंचे थे। वहां ऑनलाइन आधार नंबर दर्ज करने पर उनके नाम के सामने "मृत" दर्ज बताया गया। इसके बाद राशन कार्ड का केवाईसी नहीं हो सका और खाद्यान्न मिलना बंद हो गया। बैंक खाते से आधार आधारित अंगूठा सत्यापन भी बंद हो गया, जिससे पेंशन की राशि पिछले पांच माह से नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को ग्राम पंचायत कुसुमकसा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में भी आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली।



- सुशासन शिविर में भी नहीं हुआ समाधान



## खबर संक्षेप

### डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने से आम आदमी पर महंगाई की मार

दुर्ग। समाजवादी पार्टी के शहर



अध्यक्ष शेख रज्जाक ने डीजल पेट्रोल के दामों में वृद्धि पर कहा कि अब महंगाई पर अंकुश लगाना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि पूरी व्यवस्था पेट्रोल से जुड़ी हुई है। भाड़ा बढ़ने से जरूरत की चीजों के दाम बढ़ेंगे और आम नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सरकार केवल चुनाव तक डीजल पेट्रोल के दाम को रोक के रखी थी। चुनाव निपटते ही तुरंत इसमें बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है, जिसका खामियाजा आम आदमी चुकाने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजना और मंत्रियों के काफिले में जो खर्च होता है, उसे प्रतिबंध पूरी तरह से लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार आम नागरिकों को ईवी अपनाने की सलाह देती है। सरकार को भी डीजल पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को बंद करके ईवी वाहनों को उपयोग करना चाहिए और अगर ऐसा होता है तो एक बड़ा कदम माना जा सकता है।

### डायल 112 की सेवा के विस्तार से मिली मजबूती

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में आमजन की



सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा डायल 112 सेवा को अभूतपूर्व रूप से सशक्त किया जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लगभग 400 अत्याधुनिक डायल 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेशवासियों को समर्पित किया गया, जो राज्य की कानून-व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला ऐतिहासिक कदम है। भाजपा के जिला प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और आमजन के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता के चलते आज छत्तीसगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था निरंतर सुदृढ़ हो रही है और आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध हो रही है। नितेश साहू ने कहा कि डायल 112 सेवा का यह विस्तार केवल वाहनों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम नागरिकों के जीवन में विश्वास, सुरक्षा और राहत का भाव स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है। नई आधुनिक गाड़ियों में अत्याधुनिक तकनीक, बेहतर संचार व्यवस्था एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली से लैस सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की पहुंच अब पहले से कहीं अधिक तेज और प्रभावी होगी।

# शहर में भीषण जलसंकट के हालात, हितग्राहियों को नहीं मिल रही निराश्रित पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में भीषण जल संकट, बिजली, सफाई व्यवस्था और वृद्धों, दिव्यांगजनों, विधवाओं को महीनों ने नहीं मिलने वाले पेंशन को लेकर कांग्रेस ने दुर्ग निगम कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली की शक्ल में निगम कार्यालय के पास पहुंचे। इस दौरान जेल रोड अघोषित रूप से जाम रहा। लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष नेता संजय कोहले के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों और आम जनता ने शहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## पूर्व महापौर बाकलीवाल और प्रतिपक्ष नेता कोहले के नेतृत्व में प्रदर्शन, जेलरोड रहा जाम



### 30 से ज्यादा वार्डों में पानी को लेकर हाहाकार

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शहर में जल संकट व्याप्त है। शहर के लगभग आधे वार्डों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है, जहां हो रही है वहां लो प्रेशर और दूषित पानी दिया जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है नालियों का नियमित सफाई नहीं हो रही है जो अनेक बीमारियों को जन्म दे रही है सफाई व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के साथ-साथ शहर में भी पूरी तरह विफल आम जनता मूलभूत समस्या से परेशान है लगातार बोलने के बाद भी निगम के उदासीनता समझ से परे, विकास विकास कार्य ठप्प पड़े है। दुर्ग शहर की ऐसी भयावह स्थिति इसके पूर्व कभी नहीं रही है यह दुर्ग की जनता का दुर्भाग्य है।

पानी की मांग को लेकर खाली मटकों को निगम के सामने फोड़ा। इस दौरान एक बैरिकेट को तोड़कर दूसरे बैरिकेड के पास पहुंचे। कांग्रेसियों की पुलिस वालों के साथ भी झूम झटकी की नौबत हो गई। इसके पूर्व पुलिस प्रशासन में भी घेराव को रोकने के लिए दो से तीन लेयर की घेराबंदी और उनकी टीम की दीवार बना रखी थी। निगम कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने लगभग 1 घंटे तक नारेबाजी। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने की मांग की गई। बाकलीवाल ने कहा कि शहर में पानी, बिजली, पेंशन मूलभूत समस्याओं से जनता में त्राही त्राही मची है। महापौर अपने हित और आत्मसम्मान के लिए लगी हुई हैं।

## बैठक : निर्माणाधीन आवास जल्द पूरा कराने पर जोर

# प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति से कलेक्टर खफा, सचिवों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान कलेक्टर ने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुमुड़कट्टा एवं सिंघोला में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के विरूद्ध प्रगति न्यून होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इन दोनों ग्राम पंचायतों के सचिवों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा करते हुए डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पचांयत पसौद में गत वर्ष स्वीकृत किए गए ग्रे–वाटर ट्रिटमेंट स्ट्रक्चर का कार्य अभी तक प्रारंभ नही होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को कारण



बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को अनिवार्य रूप से निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले में कुल 54150 आवास स्वीकृत है। जिसके विरूद्ध में 47677 (88 प्रतिशत) आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत आवासों में 6473 आवास निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत है। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के स्वीकृत आवासों के अंतर्गत जिन आवासों के लिए प्रथम किस्त की राशि जारी हो चुका है उन सभी आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समयावधि में निमार्ण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के अंतर्गत जिन आवासों का द्वितीय किश्त की राशि जारी हो चुकी है उन सभी आवासों को 31 मई 2026 तक शत–प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी पूर्ण आवासों में जन–सहयोग एवं जनभागीदारी के माध्यम से सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर जेएसजेबी 2.0 के पोर्टल में शत–प्रतिशत एण्ट्री करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2025–26 एवं इससे पूर्व के स्वीकृत समस्त अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण करने तथा नरेगा साफ्ट में ऑनलाईन सीसीकी प्रविष्टि कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने 01 जुलाई 2026 से वीबी जीरामजी योजना लागू होने से पूर्व जिले के सभी ग्राम पंचायतों में वीबी जीरामजी के अनुमय कार्यों में से पर्याप्त मात्र में कार्य स्वीकृत करने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने अधिकारियों को सामाजिक अंकेक्षण के वसूली संबंधी प्रकरण में कार्यवाही तेज करते हुए वसूली की कार्यवाही पूर्ण कर इसका एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

# पलारी नपं चुनाव में भाजपा कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर नामांकन पत्रों की जांच पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

नगर पंचायत पलारी में सोमवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मंगलवार को नामांकन पत्रें की जांच की गई। अध्यक्ष सहित लगभग सभी वार्डों मे कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी के अतिरिक्त एक डमी प्रत्याशी ने भी नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्रें की जांच के बाद जिनके नामांकन सही पाए गए। उनमें अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी से कृष्ण कुमार बंजारे, भारतीय जनता पार्टी से लखन लाल गुरूपंच, कांग्रेस की ओर से दो उम्मीदवारो का नाम सामने आया है पुर्नेश्वर साहू व यानेश साहू के नामांकन सही पाए गए है।

वही पार्षद उम्मीदवार के रूप में वार्ड क्रमांक 01 से भारतीय जनता पार्टी से तेजराम साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार प्रकाश साहू, शत्रुघन साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 02 से भारतीय जनता पार्टी से गजेन्द्र साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार बीरबर राम साहू व मनोज कुमार साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 03 में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नेहा साहू व कांग्रेस से जागृति साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 04 से आम आदमी पार्टी की ओर से प्रशांत कुमार साहू व भारतीय जनता पार्टी से खिलेन्द्र कुमार साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार चरण साहू व तीरथ राम साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 05 से भारतीय जनता पार्टी से महेश साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार राजेश कुमार यादव व योगेश साहू उम्मीदवार है।

वार्ड क्रमांक 06 से भारतीय जनता पार्टी से राधिका निशाद व कांग्रेस से दो उम्मीदवार मीना साहू व तुलेश्वरी निशाद उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 07 से आम आदमी पार्टी से उत्तम साहू, भारतीय जनता पार्टी से संजय कुमार साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार पुर्नेश्वर साहू व कुलदीप कुमार साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 08 से भारतीय जनता पार्टी से चित्ररेखा साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार कुमारी बाई साहू व "यामा बाई साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 09 से भारतीय जनता पार्टी से पोशण लाल साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार जिसमे प्रेमनारायण साहू व राकेश कुमार साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 10 से आम आदमी पार्टी से देवेन्द्र साहू, भारतीय जनता पार्टी से शैलेश साहू कांग्रेस से परमानंद सेन उम्मीदवार है।

वार्ड क्रमांक 11 से भारतीय जनता पार्टी से खिलेश्वरी साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार अस्मिता साहू, आसकुमारी साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 12 से आम आदमी पार्टी से दीना साहू, भारतीय जनता पार्टी से झम्मन पटेल व कांग्रेस से दो उम्मीदवार प्रवीन कुमार सोनबेर, योगेश्वर साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 13 से आम आदमी पार्टी से परमिला साहू, भारतीय जनता पार्टी से योगेश्वरी देवी व कांग्रेस से दो उम्मीदवार प्रेमा पटेल, लोकेश्वरी साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 14 से आम आदमी पार्टी से वेदप्रकाश ठाकुर, भाजपा से घनश्याम सिंह ठाकुर, कांग्रेस से भुनेश्वर ठाकुर उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 15 से भारतीय जनता पार्टी से दो उम्मीदवार संतोश कुमार कुर्रे, सुरेन्द्र कुमार गहेल व कांग्रेस से दो उम्मीदवार सुमेर सिंह मारकण्डे, भागचंद बघेल व निर्दलीय खिलेश कुमार गहेल पिता जोगराज गहेल उम्मीदवार है।

# बघेरा पानी टंकी के पास लीकेज, शहर के आधे हिस्से में आज पेयजल सप्लाई रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में लीकेज की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। जलकार्य विभाग लगातार लीकेज के नाम पर शटडाउन ले रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अब बघेरा पानी टंकी के पास बड़ा लीकेज सामने आया है, जिसका मेंटेनेंस 19 और 20 मई को किया जाएगा। इसके कारण बघेरा टंकी से सप्लाई वाले सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान फिल्टर प्लांट और अन्य जगहों पर भी मेंटेनेंस से जुड़े कार्य किए जाएंगे। निगम के अधिकारियों ने बताया कि वार्ड 56 बघेरा एवं एसटीएफ कॉलोनी में नल नहीं खुलेंगे। इसी प्रकार वार्ड 1 नया पारा एवं पंचशील नगर, वार्ड वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 3 मठपारा, वार्ड 4 गयानगर, वार्ड 35 बजरंग नगर पानी की सप्लाई अगले दो दिन प्रभावित रहेगी। दावा किया जा रहा है कि 21 मई तक स्थिति समान्य होगी। इस दौरान प्रभावित क्षेत्र में टैंकरों से आपूर्ति की जाएगी।

## पानी की समस्या और बारिश से पहले की तैयारियों को लेकर पार्षद मिले

बिगड़ती पेयजल व्यवस्था और बारिश से पहली की तैयारियों को लेकर भाजपा समर्थित पार्षद आयुक्त सुमित अग्रवाल से मिले। उन्होंने आयुक्त से कहा कि शहर के सभी प्रमुख नालियों एवं नालों की समय पर और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जलापूर्ति प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर से पानी उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बघेरा पानी टंकी के समीप पाइपलाइन लीकेज सुधार कार्य को लेकर भी चर्चा की गई। सभापति श्याम शर्मा ने बताया कि पाइपलाइन सुधार कार्य के चलते 19 एवं 20 मई को शहर के कुछ क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। ऐसे में प्रभावित वार्डों एवं मोहल्लों में निगम द्वारा टैंकरों से सप्लाई की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए निगम प्रशासन को पूर्व तैयारी के साथ कार्य करना चाहिए। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि



प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा तथा नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। वृद्धा पेंशन के लंबित मामलों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिलना चाहिए तथा रुके हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, कुलेश्वर साहू, देव नारायण ठण्डी, सुरूचि उमरे, जितेंद्र ताम्रकार, युवराज कुंजाम, मनोज सोनी, ललिता ठाकुर, मनीष कोठारी सहित अन्य मौजूद थे।

### करोड़ों की पानी टंकी बेकार सुपेला में बूंद-बूंद को तरसे लोग

भिलाई। करोड़ों रुपए खर्च कर सुपेला में बनाई गई नई पानी टंकी का लाभ लोगों तक नहीं मिल रहा है। क्षेत्र में लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड 10 के पार्षद व एमआईसी सदस्य चन्द्रशेखर गवई ने इसे लेकर आयुक्त राजीव पांडेय को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने काम की जांच कराने और संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोकने कहा है। गवई ने कहा कि पाइपलाइन का काम मापदंडों के अनुसार नहीं किया गया। कई बार जोन अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। पार्षद ने निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने कहा है। पार्षद के मुताबिक पाइपलाइन बिछाने से पहले खुदाई के बाद रेती फिलिंग की जानी थी, ताकि पाइप सुरक्षित रहे और लीकेज की समस्या न आए। लेकिन ठेकेदार ने नियमों को दरकिनार करते हुए सीधे पाइप बिछा दिए।

### मां और पिता पर हंसिया से हमला, माता गंभीर

भिलाई। मोबाइल नहीं मिलने पर मां और पिता को हंसिया से वार कर घायल करने का मामला सामने आया है। हमले में मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसे रायपुर के अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं को भी गंभीर रुप से चोट आई है। आरोपी बेटे को पुलिस ने पकड़ लिया है। जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि ढांचा भवन जामुल निवासी चंदूलाल साहू 50 वर्ष, खिलेश्वरी साहू 47 वर्ष अपने बेटे राकेश साहू का उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। अस्पताल जाने से पहले राकेश ने अपने पिता से मोबाइल मांगा। पिता ने मोबाइल बाद में देने की बात कही।

## नीट के पर्चे लीक मामले में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नीट यूजी पेपर लीक के खिलाफ एआईडीएसओ 13 से 19 मई तक अखिल भारतीय विरोध सप्ताह मना रहा है। सोमवार को इसके अंतर्गत साइंस कॉलेज के सामने प्रदर्शन किया गया। साथ ही कलेक्टर को शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले पूरे राज्य में ट्विटर अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान एनटीए की विफलताओं की कड़ी निंदा की गई, जिसके कारण एनटीए निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा प्रक्रिया आयोजित करने में असफल रहा है। पिछले कई वर्षों से विभिन्न केंद्रीय परीक्षाओं में पेपर लीक, अनियमितता, हेरफेर और कदाचार के गंभीर आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। संगठन अभिभावकों, शिक्षकों



और सभी लोकतांत्रिक सोच रखने वाले लोगों से आह्वान करता है कि वे केंद्रीय परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं और असुरक्षा के विरुद्ध एकजुट आवाज़ उठाएं। एक निष्पक्ष, लोकतांत्रिक और विश्वसनीय शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली की माँग को लेकर देशव्यापी संयुक्त छात्र आंदोलन का निर्माण करें। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष शुभम पाण्डेय, उपाध्यक्ष आकाश सोनी, कार्यालय सचिव दीपा कौशल, भूषण कुमार, तीजन सिन्हा, गौरव, राधा कौशल सहित अन्य मौजूद थे।

## दवा विक्रेताओं की देशव्यापी हड़ताल कल

दुर्ग। ऑनलाईन फार्मेसी के विरोध में राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर जिले के दवा विक्रेता 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद रखने की तैयारी में है। इसे लेक जिला दुर्ग केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट संघ का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने दुकानें बंद रखने का अल्टीमेटम दिया। इस दौरान प्रशासन ने अवगत कराया कि इस दौरान जनऔषधि केंद्र और धनवंतरी स्टोर्स खुले रहेंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार खाद्य




एवं औषधि प्रशासन, जिला दुर्ग के सहायक औषधि नियंत्रक द्वारा आम नागरिकों के हित में अपील की गई है, ताकि बंद के दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। जिला प्रशासन ने नागरिकों और डायबिटीज, बीपी, अस्थमा, हृदय रोग, कैंसर और मिर्गी से ग्रसित मरीजों से अपील की है कि वे अपनी रोजमर्रा की जरूरी दवाइयों और जीवनरक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक पहले से ही खरीदकर सुरक्षित रख लें। आपातकालीन स्थिति निर्मित होने पर नागरिक तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल, जिला चिकित्सालय या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी तरह की परेशानी होने पर नागरिक जिला दुर्ग केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट के अध्यक्ष वकार हसन कामदार 9826421919 या सचिव दीपक बंसल 9827476558 से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान को लेकर अंतिम तैयारी पूरी, कार्यकर्ताओं को सौंपे गए दायित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान को लेकर अंतिम तैयारी बैठक हुई। बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षण वर्ग को अनुशासित, भव्य और सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चंद्रिका चंद्राकर, दिलीप साहू, शिवेंद्र परिहार, तेखन सिन्हा, राजेंद्र पाध्येय और प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक संतोष सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।

यह प्रशिक्षण वर्ग 19 और 20 मई को राजनांदगांव रोड पर सोमनी टोल प्लाजा के पहले स्थित संचिता लॉन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिलेभर से भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गईं। आवास, भोजन, पंजीयन, स्वागत, मंच संचालन, अनुशासन और अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रशिक्षण और संगठन की कार्यप्रणाली को समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, विचारधारा और जनसेवा के मूल मंत्रों से अवगत कराया जाएगा।जिला महामंत्री दिलीप साहू ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र पाध्येय और प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक संतोष सोनी ने भी कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने की अपील की। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, सह संयोजक अविनाश राजपूत, आईटी सेल जिला सह संयोजक उमेश गिरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुशासन तिहार-2026 शिविर में मिले 441 आवेदन, 6 हितग्राहियों को मिला आवास

# पुरई सुशासन तिहार में 147 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 441 आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों द्वारा 147 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी की जाएगी।

शिविर में मचांदुर, चिरपोटी, पाउवारा, कोड़िया, कोकड़ी, हनोदा, पुरई, खोपली, डुमरडीह, घुघसीडीह, उमरपोटी, कातरो, बोरीगारका एवं करगाडीह के गांवों के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पहुंचकर आवेदन जमा किए। जनसमस्या निवारण शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ग्रामीणजनों से संवाद किया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अभियान के तहत लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है तथा आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विजय अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पाण्डे, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच डोमार साहू, सरपंचगण पूजा चंद्राकर, लक्ष्मी साहू आदि मौजूद थे।



### क्यूआर कोड का प्रदर्शन

शिविर में क्लस्टर की सभी ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड का प्रदर्शन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों द्वारा मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर संबंधित जानकारी प्राप्त कर इसकी सराहना कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता एवं सूचना की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

### इन्हें मिला लाभ

शिविर में ग्रामीण विधायक श्री चंद्राकर एवं कलेक्टर श्री सिंह ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विधायक श्री चंद्राकर एवं कलेक्टर श्री सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से 6 गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकनी वितरित किए। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय परिवार सहायता अंतर्गत 3 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत दो हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक हितग्राही रूपौतिन बाई को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया तथा 6 आवास हितग्राहियों राजू साहू, रेनी बाई, रोहिणी बाई यादव, उषा बाई, जन्तिका बाई और मोंगरा बाई को आवास की चॉबी सौंपी गई। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नैपकीन वितरित किए गए।

**खबर संक्षेप**

### आइसक्रीम फैक्ट्री पर 25 हजार का जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जोन-2 वैशाली नगर के वार्ड 21 कैलाश नगर में संचालित आईसक्रीम फेक्ट्री पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार निगम स्वास्थ्य विभाग का अमला निरीक्षण करने पहुंचा। निरीक्षण के दौरान कृष्णा फुड प्रोडक्ट नामक आईसक्रीम फेक्ट्री में कई कमरे, ऑफिस रुम, स्टोर रूम, डीप फिजर रूम व हॉल बने हुए हैं। इसमें विभिन्न प्रकार की आईसक्रिमो का निर्माण और पेकेजिंग किया जा रहा था। स्टोर रूम के एक कोने और एक डीप फ्रीजर में लगभग 200 नग कुल्फियां डेमेज हालत में पिघली हुई मिली। चारों ओर गंदगी फैली थी। पिघली व डेमेज आईसक्रिम को विनिस्टीकरण के लिए पंचनामा तैयार का जब्त किश्स गश्सद्ध संचालक पर गंदगी फैलाने पाए जाने पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। संचालक को मिक्चर मशीन, डीप फ्रिजर, स्टोर रुम, निर्माण एवं पेकेजिंग स्थल को साफ सुधरा रखने तथा खाद्य प्रदार्थों को शुद्ध और व्यवस्थित हालत में उपयोग करने की समझाइश दी गयी। इस दौरान जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र के जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, वार्ड सुपरवाइजर व स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

### नशे में कार चालक ने किया हादसा, गिरफ्तार

**भिलाई।** रविवार को हुए चंद्रा मौर्या टाकिज के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौत होने के मामले में पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया है। चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 128, 125(ए), 105 बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मकान नंबर बी/70 आम्रपाली वनांचल सिटी जामुल निवासी सागर जायसवाल ने हादसे के समय नशा किया हुआ था। उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया है। घटना में कार सीजी 07 बीआर 0571 को जब्त किया गया।

### नर्सेस दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक रिकेश

**भिलाई।** आज अधिकांश अस्पताल पूरी तरह से व्यावसायिक हो गए हैं। यही कारण है एक तरफ जहां आम नागरिकों को परेशानी हो रही है, वहीं डाक्टरों पर भी लोगों का भरोसा कम होता जा रहा है। यदि अस्पताल मरीजों की सेवा को प्राथमिकता दें तो उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उक्त बातें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में आयोजित इंटरनेशनल नर्सेस डे समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

पेज 9 का शेष

### महिला ने ...

जिसकी जानकारी महिला के पति को शाम को हुई जब वह काम से वापस आया। इस दौरान महिला बेहोश हालत में घर में पड़ी हुई थी। जिसे देखते ही महिला के पति द्वारा आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दी तथा महिला को तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव का पीएम करके शव परिजनों को सौप दिया गया। वही महिला द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया। इसकी जांच में पुलिस जुट गई है। पुलिस जांच के बाद ही कारणो का पता लग पाएगा।

**बैठक : भाजपा की संगठनात्मक प्रक्रिया, विचारधारा एवं कार्यपद्धति को जानना अत्यंत आवश्यक**

# भाजपा के दो दिनी जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ, संगठन मजबूती पर दिया जोर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारतीय जनता पार्टी बालोद जिला द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत दो दिवसीय आवासीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ पाकुर भाट बालोद में हुआ।

इस प्रशिक्षण वर्ग में जिले के सभी 17 मंडलों से पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्रें पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग मे प्रातः पाटएॅ ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा राष्ट्रहित में अपने प्राणों की आहुति देने वाले महापुरुषों के तैलचित्रें की प्रदर्शनी लगाई गई, वंदे मातरम् संगठन गीत एवं राजगीत के माध्यम से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। प्रथम सत्र के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रशिक्षण विभाग संयोजक डॉ. अवधेश जैन थे, बालोद जिला प्रभारी संध्या परगनिया, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, छत्तीसगढ़ वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा एवं जिला महामंत्री सौरभ लुनिया उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने प्रशिक्षण वर्ग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है तथा वर्तमान राजनीति में नई–नई चुनौतियों एवं विषयों को समझने के लिए भाजपा की संगठनात्मक प्रक्रिया, विचारधारा एवं कार्यपद्धति को जानना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष लाखों नए कार्यकर्ता भाजपा से जुड़ते हैं, जिन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से पाटएॅ की विचारधारा एवं कार्य संस्कृति से परिचित कराना जरूरी है। प्रदेश प्रशिक्षण विभाग संयोजक डॉ. अवधेश जैन ने हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान एकात्म मानववाद, सांस्कृ तिक राष्ट्रवाद एवं पांच निष्ठाएं विषय पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पांच निष्ठाओं एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग विभिन्न विषयों की गहन जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ कार्यकर्ताओं को एक–दूसरे को समझने एवं संगठनात्मक समन्वय बढ़ाने में भी सहायक होता है। द्वितीय सत्र में भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने "देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियां" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए तथा वर्तमान परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल मिश्रा ने "भाजपा की विशिष्ट कार्यपद्धति एवं संगठन विस्तार" विषय पर मार्गदर्शन देते हुए संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

चतुर्थ सत्र में भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय ने कार्यकर्ता विकास, गुण, आचरण एवं दायित्व बोध विषय पर संगठन की अपेक्षाओं एवं कार्यकर्ता के व्यवहारिक गुणों पर प्रकाश डाला। पंचम सत्र में भाजपा छत्तीसगढ़ ओबीसी मोर्चा महामंत्री उपकार चंद्राकर ने "हमारा इतिहास हमारा विकास" विषय पर कहा कि भारतीय जनता पाटएॅ राष्ट्रसेवा एवं अंत्योदय के सिद्धांतों पर कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजएॅ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरुषों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए संगठन की मजबूत नींव रखी। षष्ठम सत्र में संध्या परगनिया ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस 20 मई को प्रातः योग सत्र आयोजित किया जाएगा तथा सुबह 9 बजे से प्रशिक्षण वर्ग के आगामी सत्र प्रारंभ होंगे।

## बालोद पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, गंगा मईया मंदिर में की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय के बालोद आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं हर्ष का माहौल देखने को मिला। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने गंगा मईया मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा–अर्चना की तथा प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की कामना की। मंदिर परिसर में उन्होंने श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की।

■ प्रदेश और क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना

इस अवसर पर दल्लीराजहरा व अन्य क्षेत्रें से पहुंचे भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नवीन मार्कण्डेय का भव्य स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्र की शुरुआत अखिल भारतीय विद्याथएॅ परिषद से हुई थी। छात्र जीवन से ही उन्होंने संगठन के लिए कार्य करना प्रारंभ किया और निरंतर कार्यकर्ताओं के साथ जुड़कर जनसेवा को अपना उद्देश्य बनाया। उन्होंने कहा कि बालोद जिले से उनका विशेष लगाव रहा है तथा उन्होंने अपने जीवन का काफी समय बालोद क्षेत्र में बिताया है। यहां के कार्यकर्ताओं का स्नेह एवं अपनापन हमेशा उन्हें प्रेरित करता रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं समर्पण से ही पाटएॅ लगातार जनता का विश्वास जीत रही है। उन्होंने युवाओं से भी संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क बढ़ाने एवं लोगों के बीच सक्रिय रहने की आवश्यकता है। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर मुख्य रूप से जयदीप गुप्ता, स्वाधीन जैन, हितेश कुमार, रोहित साहू, काशिम कुरैशी, अंकित टाटिया, चंद्रप्रकाश भारद्वाज, गजेंद्र सिंह, शुभम साहू, अनिल साहू, हिमांशु निषाद, गुलशन कश्यप, युवराज कुमार, लक्की साहू, पुनीत पटेल, दिनेश नायक, शिवम कुमार, पंकज कुमार, ईश्वर ठाकुर, नीरज मंडावी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास का सपना हुआ साकार उर्मिला कुंभकार को मिला पूर्णता प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गुरेदा में आयोजित शिविर में पहुंची ग्राम गुरेदा की उर्मिला कुंभकार ने बताया कि आज उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण हुए उनके आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र मिल गया है।

उन्होंने बताया कि यह उनके लिए खुशी का वो पल है, जिसके सपने वो अपने कच्चे मकान में वर्षों से देख रही थी। जो कि अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में साकार हुआ है, उन्हें वर्ष 2024 –25 में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति मिली थी, जिसके पश्चात उन्होंने आवास निर्माण शुरू किया और समय समय पर किश्त मिलने के साथ ही अपने आवास का कार्य पूर्ण कर लिया और अब उन्हें आवास के पूर्ण होने का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। उर्मिला ने बताया कि उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी मिला है, जिससे वे अपनी आजीविका बेहतर रूप से चला पा रही है। उसे पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सिलाई मशीन भी मिला है, जिससे वे घर पर ही सिलाई का कार्य करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति सुकृढ़ कर पा रही है। इसके साथ ही प्रतिमाह महतारी वंदन योजना का भी लाभ उसे प्राप्त हो रहा है। ग्राम गुरेदा की उर्मिला सहित चंदुलाल और घसिया बाई को भी आवास पूर्णता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## बारिश पूर्व बीजरोपण अभियान से हरियाली बढ़ाने की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में इन दिनों अनोखा जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से अपील की जा रही है कि बारिश शुरू होने से पहले आम, जामुन, नीम, करंज सहित विभिन्न देशी प्रजातियों के बीज आसपास के जंगलों और खाली स्थानों में फेंकें, ताकि वर्षा के दौरान वे अंकुरित होकर पेड़ों का रूप ले सकें। इसी कड़ी में ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह द्वारा गैंजी और पोपला टोला के जंगलों में देशी आम के बीजों के साथ हरड़, आंवला और गुलमोहर के लगभग 300 सीड बॉल फेंके गए। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यह तरीका कम लागत में अधिक वृक्षारोपण का प्रभावी माध्यम बन रहा है। बारिश का मौसम शुरू होते ही इन बीजों के अंकुरित होने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे जंगलों में हरियाली और जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा।वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक बालोद जिले के विभिन्न जंगलों और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 2000 सीड बॉल फेंके जा चुके हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने आसपास कुछ बीज भी फेंके, तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र हराभरा बन सकता है।

अभियान के दौरान लोगों को संदेश दिया जा रहा है। धरती माता करे पुकार, पौधा लगाकर करो श्रृंगार तथा जहां है हरियाली, वहां है खुशहाली। पर्यावरण संरक्षण की यह पहल ग्रामीणों और युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## जनजातीय गरिमा उत्सव में संतृप्ति शिविर और पौधरोपण अभियान आयोजित





**बालोद।** जनजातीय गरिमा उत्सव के दूसरे दिन आज संतृप्ति शिविर एवं पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत आदि सेवा केंद्रों पर संतृप्ति शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। इस दौरान हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मातृ वंदन योजना के आवेदन एवं नए जनधन खाता, जाति प्रमाण पत्र एवं किसान क्रेडिट कार्ड आदि से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही सेवा केंद्रों और ग्रामीण इलाकों में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। स्थानीय नागरिकों ने पौधे रोपण कर पर्यावरण को हरा–भरा रखने का संकल्प लिया।

## सेन समाज के दो सामुदायिक भवनों का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह मंगलवार को नर्मदा धाम सुरसुली प्रांगण में सेन समाज सामुदायिक भवन 6.50 लाख एवं ग्राम मटिया में सेन समाज सामुदायिक भवन 6.50 लाख निर्माण का भूमिपूजन किया।

■ शिक्षित समाज ही आगे बढ़ता है : विधायक कुंवर सिंह

विधायक ने कहा कि सेन (नाई) समाज सेवाभावी समाज है। कई पीढ़ियों से गांव में सामाजिक कार्यों में सेवा कार्य किया है। समाज के लोग बच्चों को पढ़ाई के साथ संस्कार भी सिखाए। जिस समाज में बच्चे पढ़ते हैं वह समाज आगे बढ़ता है। सेन समाज आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गुण्डरदेही विधानसभा के तीन ब्लॉक में सेन समाज सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है। तीनों ब्लॉक में समाज का सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक गतिविधियों का संचालन होगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जितेंद्र श्रीवास अध्यक्ष ब्लॉक सेन समाज देवरी बंगला, संतोष सेन अध्यक्ष ब्लॉक सेन समाज अर्जुन्दा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव चौधरी, जनपद के पूर्व अध्यक्ष जागृत सोनकर, प्रदेश प्रतिनिधि कोदूराम दिल्लीवार, कांग्रेस महामंत्री केशव शर्मा, सरपंच ईश्वर देवांगन, जनपद सदस्य टीकमबाई निषाद, दुर्गा ठाकुर, भूपेश नायक, सेन समाज के जिला उपाध्यक्ष लोकेश कौशिक, विधायक प्रतिनिधि डां बरसन निषाद, राम प्रसाद साहू, पुष्पा सेन, चौन सिंह श्रीवास, ओमप्रकाश कौशिक, दीपेंद्र सेन, घनश्याम सेन, गायत्री सेन, दिनेश सेन आदि उपस्थित रहे।

**रैली, मानव श्रृंखला और शपथ से जागरूकता जल बचाने जनभागीदारी बढ़ाने प्रशासन का अभियान**

## नीर चेतना अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




जल संचयन जनभागीदारी 2.0 अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में नीर चेतना अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों के साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रम जारी है।

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम गुरेदा में आयोजित शिविर में नवा सवेरा स्व–सहायता समूह की टेमेश्वरी साहू, यशोदा पटेल, डाली सिन्हा, कुसुमलता साहू, गोमती यादव, के द्वारा जल संरक्षण, जल संचयन के संबंध में नुक्कड़ नाटक कर नागरिकों को जागरूक किया गया, साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नलों को खुला न छोड़ने, वर्षा जल संचयन अपनाने, घरो एवं खेतों में सिमित उपयोग, जल स्त्रोतो को प्रदूषित होने से बचाने, जिले के सभी नागरिकों को ''जल है तो कल है'' के संदेश को अपनाते हुए जल संरक्षण के कार्य में सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया। साथ ही प्रत्येक नागरिक को अपने घर में सोखता गढ्ढे के निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि नीर चेतना अभियान के तहत जिले मे वृहद स्तर पर अधोसंरचना का निर्माण कराया जा रहा हैं। जिसमें सोखपीट, स्ट्रेगर ट्रैंच, रिचार्ज पीट, रूफ टाप, वाटर हार्वेस्टिंग आदि सम्मिलित है। साथ ही जिला प्रशासन की पहल से जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम यथा रैली, सभा, मानव श्रृंखला, शपथ कराया जा रहा है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## बारिश से पहले अंडा पंचायत में गांव में सफाई अभियान शुरू

**अंडा।** बारिश के मौसम को देखते हुए ग्राम पंचायत अंडा में गांव की साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पंचायत द्वारा गांव की प्रमुख नालियों की साफ-सफाई कराई जा रही है, ताकि बरसात के दौरान पानी भराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न न हो। सफाई अभियान के दौरान पंचायत कर्मियों द्वारा नालियों में जमा कचरा, मिट्टी और गंदगी को हटाया गया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए पंचायत के कार्यों को सराहा। पंचायत का उद्देश्य बारिश के समय गांव में स्वच्छता बनाए रखना और बीमारियों के खतरे को कम करना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले सभी वार्डों में साफ सफाई कार्य लगातार जारी रहेगा और ग्रामीणों से भी गांव को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की गई है।

## गायत्री शक्तिपीठ में 27 से पांच दिनी युवा शिविर

**बालोद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार बालोद द्वारा व्यक्तत्वि निर्माण युवा शिविर के तहत पांच दिवसीय आवासीय निःशुल्क शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बालोद में 27 मई से 31 मई तक किया गया है। जिसमें स्वस्थ युवा, सबल राष्ट्र, स्वालंबी युवा संपन्न राष्ट्र, शालीन युवा श्रेष्ट्र राष्ट्र व सेवाभावी युवा सुखी राष्ट्र के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमे युवाओ को श्रेष्ठ संस्कार एवं मार्गदर्शन देने, चरित्रवान व्यक्तत्वि गढ़ने एवं युवाओ की समस्याओ का समाधान हेतु अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ट द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिसमे पावर प्वाईट प्रोजेक्टर द्वारा प्रशिक्षण, जीवनोपयोगी विशयो पर विशशज्ञो द्वारा प्रशिक्षण, प्रातः काल से सायंकाल तक व्यवस्थित दिनचर्या, प्राणायाम, प्रज्ञायोग, खेलकूद का आयोजन के साथ प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## कूलर, गमले और टायर बन रहे डेंगू का घर, रहें सतर्क

**भिलाई।** विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को डेंगू से बचाव और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिखर अग्रवाल ने कहा कि बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की जांच करानी चाहिए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू जांच किट निशुल्क उपलब्ध हैं। बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि डेंगू एक वैक्टर जनित बीमारी है, जो एडिस मच्छर के काटने से फैलती है। उन्होंने बताया कि टायर, गमले, फ्रिज के पीछे की ट्रे, कूलर, पक्षियों के पानी के पात्र और खुले में फेंके गए डिस्पोजल कपों में पानी जमा होने से मच्छरों का लार्वा विकसित होता है।

### आयोजन : किसानों को उन्नत बीज, मछली जाल और आईस बॉक्स का वितरण

# सुशासन तिहार शिविर में 17 पंचायतों के ग्रामीण पहुंचे 1386 में से 1210 आवेदनों का निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गुरेदा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर मे गुरेदा कलस्टर में शामिल आसपास के 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण सम्मिलित इस दौरान दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक के अलावा जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष नीतिश मोंटी यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, किसानों को डिजिटल किसान कार्ड, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख के वितरण के अलावा दिव्यांग हितग्राहियों को बैटरी चलित ट्राय सायकल तथा छड़ी एवं श्रवण यंत्र भी प्रदान किया गया।

इसके अलावा किसानों को उन्नत कृषि बीज तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास पूर्णता प्रमाण पत्र के वितरण के अलावा अतिथियों के द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसके



अलावा शिविर में अतिथियों के द्वारा मछली पालक कृषक को मछली जाल एवं आईस बाक्स, स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संभाग आयुक्त राठौर ने पानी को एक अनमोल संपदा बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पानी के एक–एक बूंद का सदुपयोग करते हुए इसका संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा जल संरक्षण के कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। राठौर ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई के साथ–साथ सामाजिक अपराध बताते हुए शिविर में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह के रोकथाम के पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की भी शपथ दिलाई। गुरेदा शिविर में आज विभिन्न विभागों से कुल 1386 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1210 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। शिविर मे जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। सुशासन तिहार के दौरान शासन–प्रशासन के प्रतिनिधि आम जनता के बीच पहुँचकर उनके वास्तवित समस्याओं के पड़ताल करने के अलावा उनके मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद उपाध्यक्ष नीतिश मोंटी यादव ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। शिविर को जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित करते हुए सुशासन तिहार के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डाला।

गुरेदा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम गुरेदा, भरदाखुर्द, डंगनिया, नाहंदा, ओटेबंद, डौकीडीह, खप्परवाड़ा, सिरसिदा, परसदा डंग, देवरी (क), अर्जुनी, गोरकापार, पांगरी, सुखरी, तमोरा, कचांदुर और खर्रा सहित 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जन शामिल हुए थे।

## सुशासन तिहार के तहत आज चिखलाकसा और करहीभदर में जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम,पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पंचायत चिखलाकसा एवं बालोद विकासखण्ड के करहीभदर में 20 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत चिखलाकसा में सभी 15 वार्डों के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविन्द नाथ योगी को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता खुलेश कुमार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। करहीभदर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम अमोरा, मुजगहन, जामगांव, करहीभदर, कन्नेवाड़ा, परेंगुड़ा, सांकरा (क), जमरुआ, मटिया (बी), मुल्लेगुड़ा, मालगांव, नर्रा, बरही, चिरईगोड़ी, जगतरा, परसोदा, देवारभाट, लिमोरा और झलमला के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय कन्या हाई स्कूल मैदान करहीभदर में जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी झुमुक सिंह राजपूत और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम करहीभदर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत चिखलाकसा में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर के लिए तहसीलदार देवेन्द्र नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# इस्कॉन प्रचार केंद्र ने शुरू की निःशुल्क शिकंजी सेवा

**आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ रहे लोग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

इंटर नेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्सीयनेंश से संबद्ध इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर, क्षेत्र में निरंतर आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियां संचालित कर रहा है।

■ सरल जीवन, उच्च विचार के सिद्धांत पर जोर

भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा प्रत्येक रविवार गुरुर बाजार क्षेत्र में आमजन के लिए निःशुल्क शिकंजी एवं गुड़ पानी वितरण सेवा प्रारंभ की गई है।

केंद्र में प्रतिदिन प्रातःकालीन आध्यात्मिक कार्यक्रम प्रातः 4:30 बजे मंगल आरती से प्रारंभ होता है, इसके पश्चात नरसिंह आरती, तुलसी आरती, गुरु पूजा, वैष्णव भजन एवं पवित्र महामंत्र का सामूहिक कीर्तन किया जाता है। तत्पश्चात दर्शन आरती एवं श्रीमद्भागवत कथा आयोजित होती है। यह संपूर्ण कार्यक्रम प्रातः लगभग 9 बजे प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होता है। इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर के केंद्र प्रभारी केशव सखा दास, ने बताया कि केंद्र का उद्देश्य श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य संदेश एवं भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र नाम का प्रचार प्रत्येक गाँव एवं प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। प्रत्येक रविवार को केंद्र में विशेष संडे लव फिस्ट कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें भक्तिमय कीर्तन, श्रीकृष्ण कथा एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। केंद्र के भक्तों ने बताया कि भविष्य में गुरुर क्षेत्र में गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था, गोसंरक्षण योजना, प्राकृतिक खेती, एवं वैदिक जीवनशैली आधारित अनेक जनकल्याणकारी परियोजनाएँ प्रारंभ करने की योजना केंद्र द्वारा यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में विश्व जिस प्रकार अस्थिरता, तनाव एवं भौतिक संकटों की ओर बढ़ रहा है, ऐसे समय में आत्मनिर्भर एवं आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित समाज की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इसी उद्देश्य से वैदिक वर्णाश्रम व्यवस्था एवं सरल जीवन, उच्च विचार के सिद्धांतों को समाज में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इस आध्यात्मिक अभियान से जुड़ें, गुरुर क्षेत्र में एक सुखी, संस्कारित, आत्मनिर्भर एवं आध्यात्मिक समाज का निर्माण किया जा सके।





# ठेठवार यादव समाज बालोद राज की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**पति-पत्नी विवाद का कराया गया निराकरण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ठेठवार यादव समाज बालोद राज की कार्यकारिणी बैठक गंजपारा स्थित ठेठवार भवन बालोद में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ हुई।

सभापति नरेंद्र प्रसाद यादव ने अपना उद्बोधन दिया। कोषाध्यक्ष हेमंत यादव ने आय व्यय प्रस्तुत किया। महासचिव एलेंद्र यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

बैठक में मुख्य रूप से पति–पत्नी आपसी मतभेद से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर निराकरण का प्रयास किया गया। अपने पति का घर छोड़कर मायके में रह रही पत्नी को ससुराल जाकर रहने के लिए समाज के वरिष्ठ लोगों ने काफी समझाया। पति–पत्नी में आपसी मतभेदों को दूर किया गया। अंत में पति पत्नी स्वेच्छा से साथ रहने को तैयार हुए। इस अवसर पर ठेठवार समाज जिला संगठन के अध्यक्ष डॉ. उत्तम यादव, महासचिव बलदेव यादव, संजारी राज अध्यक्ष भूषण यादव, महासचिव कांती लाल यादव, पाटन राज संगठन के अध्यक्ष ईश्वर यादव, महासचिव अश्विनी यादव, परिक्षेत्रीय पदाधिकारी भोला यादव, सालिक यादव, सुभाष यादव, बालोद राज संगठन के उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, सहसचिव सचिन कुमार, अंकेक्षक पवन यादव, उपकोषाध्यक्ष बृजेश यादव, सलाहकार शिव भजन यादव, संगठन मंत्री राजेंद्र यादव, चंद्रेश यादव, महेश्वर यादव, भवन प्रभारी राम स्वरूप यादव, मंडल अध्यक्ष महिपाल यादव, जनक यादव, सिद्धेश्वर यादव, बालमुकुंद यादव, विजय यादव एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में समाज के पदाधिकारी जगदीश यादव की माता सुगंधी बाई के निधन पर सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल

**भिलाई।** जिले में लखपति दीदी जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए ग्राम अंजोरा ढा में महिलाओं के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद अध्यक्ष द्वारा अपने क्षेत्र की महिलाओं को हुनरमंद एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहा हैं। यह प्रशिक्षण जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंजोरा ढा में बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से हितग्राहियों की काउंसलिंग की गई तथा उनकी अभिरुचि के अनुसार प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया।







